# CUH Signed MoU with Centre for Narendra Modi Studies

## Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: The Tribune** **Date: 04-09-2025**

### MoU SIGNED WITH NAMO CENTRE



**Mahendergarh:** The Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh, through its School of Humanities and Social Sciences, signed a Memorandum of Understanding (MoU) with the Centre for Narendra Modi Studies (NaMo Centre) on Tuesday. The ceremony was attended by eminent dignitaries, with Prof Jagdish Mukhi, former Governor of Assam, as guest of honour. He emphasised that the MoU would promote research, innovation and cultural exchange, inspiring youth to contribute to nation-building. Vice-Chancellor Prof Tankeshwar Kumar said the MoU aligned with the vision of the National Education Policy (NEP) 2020. Prof Jasim Mohammad, Chairman of the NaMo Centre, said the Centre was committed to fostering academic research and policy-oriented thinking in the spirit of "Nation First." Dean Prof Payal Kanwar Chandel and Registrar Prof Suneel Kumar were also present.

Haryana Tribune Thu, 04 September https://epaper.tr

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Tribune** **Date: 04-09-2025**


## शिक्षण-विकास के नए आयामों को सामने लाने में सक्षम होगा एमओयू

# हकेंवि और नमो केंद्र मिलकर करेंगे काम

महेंद्रगढ़, 3 सितंबर (हप्र)

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) के मानविकी एवं समाज विज्ञान पीठ और नरेंद्र मोदी अध्ययन केंद्र (नमो) के बीच मंगलवार को समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए। इस अवसर पर असम राज्य के पूर्व राज्यपाल प्रो. जगदीश मुखी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

प्रो. जगदीश मुखी ने समझौता ज्ञापन को अनुसंधान, नवाचार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान हेतु आवश्यक बताते हुए कहा कि दोनों संस्थाओं को साथ मिलकर युवाओं को प्रशिक्षित कर राष्ट्र निर्माण में अग्रसर होना चाहिए। यह ज्ञापन इस दिशा में बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगा। इस समझौता ज्ञापन की विशिष्टताओं का उल्लेख करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि यह एमओयू शिक्षण और विकास के नए आयामों को सामने लाने में सक्षम होगा। इससे राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 की तारतम्यता में शोध व नवाचार को विकसित किया जाएगा।

संयुक्त शोध परियोजनाओं, विद्यार्थी-शिक्षक विनिमय और संसाधनों की साझेदारी का संचालन किया जाएगा। प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि इस समझौता ज्ञापन से संयुक्त रूप से संगोष्ठियों, कार्यशालाओं और सम्मेलनों को बढ़ावा मिलेगा।

नरेंद्र मोदी अध्ययन केंद्र के अध्यक्ष प्रो. जसीम मोहम्मद ने बताया कि नरेंद्र मोदी अध्ययन केंद्र राष्ट्र प्रथम के दृष्टिकोण के साथ कार्यरत है। नमो केंद्र राष्ट्र निर्माण और विकसित भारत का समर्थन करने वाले शैक्षणिक अनुसंधान एवं नीतिगत सोच को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रो. जसीम ने हकेंवि के साथ बातचीत को सार्थक एवं दूरदर्शी बताते हुए इस सहयोग को प्रभावशाली शैक्षणिक अवसर पैदा करने वाला बताया। समझौता ज्ञापन के अवसर पर मानविकी एवं समाज विज्ञान पीठ की अधिष्ठाता प्रो. पायल कंवर चंदेल, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार भी उपस्थित रहे।


दैनिक ट्रिब्यून Thu, 04 September 2025
https://epaper.dainiktribuneonline.com/c/78088512

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 04-09-2025**

# अनुसंधान, नवाचार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान की राहें होंगी आसान

## हकेंवि और नमो केंद्र मिलकर करेंगे काम, समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

संवाद न्यूज एजेंसी



एमओयू हस्तांतरित करते कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार व प्रो. जसीम मोहम्मद। स्रोत : हकेंवि

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय और नरेंद्र मोदी अध्ययन केंद्र (नमो) के बीच मंगलवार को दोनों संस्थाओं के प्रमुखों और अधिकारियों की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया।

असम के पूर्व राज्यपाल प्रो. जगदीश मुखी ने समझौता ज्ञापन को अनुसंधान, नवाचार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान की राहें आसान होंगी। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह एमओयू शिक्षण और विकास के नए आयामों को सामने लाने में सक्षम होगा। इससे राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 की तारतम्यता में शोध व नवाचार को विकसित किया जाएगा। संयुक्त शोध परियोजनाओं, विद्यार्थी-शिक्षक विनिमय और संसाधनों की साझेदारी का संचालन किया जाएगा।

कुलपति ने कहा कि इससे कौशल आधारित कार्यक्रम को बढ़ावा मिलेगा। इससे रोजगार के नए अवसरों का सृजन होगा। केंद्र के अध्यक्ष प्रो. जसीम मोहम्मद ने बताया कि केंद्र राष्ट्र प्रथम के दृष्टिकोण के साथ कार्यरत है। समझौता ज्ञापन के अवसर पर मानविकी एवं समाज विज्ञान पीठ की अधिष्ठाता प्रो. पायल कंवर चंदेल, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार भी उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 04-09-2025**

# हरियाणा केंद्रीय विवि और नमो केंद्र मिलकर करेंगे काम; शोध और नवाचार को नया आयाम



**महेंद्रगढ़** | हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) के मानविकी एवं समाज विज्ञान पीठ और नरेंद्र मोदी अध्ययन केंद्र (नमो) के बीच मंगलवार को दोनों संस्थाओं के प्रमुखों और अन्य गणमान्य अधिकारियों की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए। असम राज्य के पूर्व राज्यपाल प्रो. जगदीश मुखी की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रो. जगदीश मुखी ने समझौता ज्ञापन को अनुसंधान, नवाचार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए आवश्यक बताते हुए कहा कि दोनों संस्थाओं को साथ मिलकर युवाओं को प्रशिक्षित कर राष्ट्र निर्माण में अग्रसर होना चाहिए। यह ज्ञापन इस दिशा में बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह एमओयू शिक्षण और विकास के नए आयामों को सामने लाने में सक्षम होगा। इससे राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 की तारतम्यता में शोध व नवाचार को विकसित किया जाएगा। संयुक्त शोध परियोजनाओं, विद्यार्थी-शिक्षक विनिमय और संसाधनों की साझेदारी का संचालन किया जाएगा। नरेंद्र मोदी अध्ययन केंद्र के अध्यक्ष प्रो. जसीम मोहम्मद ने बताया कि नरेंद्र मोदी अध्ययन केंद्र राष्ट्र प्रथम के दृष्टिकोण के साथ कार्यरत है। प्रो. जसीम ने हकेंवि के साथ बातचीत को सार्थक एवं दूरदर्शी बताते हुए इस सहयोग को प्रभावशाली शैक्षणिक अवसर पैदा करने वाला बताया। समझौता ज्ञापन के अवसर पर मानविकी एवं समाज विज्ञान पीठ की अधिष्ठाता प्रो. पायल कंवर चंदेल, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार भी उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

## Public Relations Office

**Newspaper: India News Calling** **Date: 04-09-2025**

CUH Signed MoU with Centre for Narendra Modi Studies

September 03, 2025 02:46 PM



MAHENDERGARH, 03.09.25-The Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh, through its School of Humanities and Social Sciences, signed a Memorandum of Understanding (MoU) with the Centre for Narendra Modi Studies (NaMo Centre) on Tuesday in the presence of eminent dignitaries and officials. The ceremony was graced by Prof. Jagdish Mukhi, Former Governor of Assam, as the Guest of Honour.

Prof. Jagdish Mukhi emphasized the importance of the MoU in promoting research, innovation, and cultural exchange, stating that both institutions must work together to train and inspire youth to contribute to nation-building. He remarked that the agreement will prove to be a significant step in this direction.

Prof. Tankeshwar Kumar, Vice-Chancellor said that the MoU would open new avenues in teaching and development, aligning with the vision of the National Education Policy (NEP) 2020. He added that the partnership would promote joint research projects, faculty-student exchanges, and resource sharing, ultimately leading to skill-based programs and new employment opportunities. Prof. Tankeshwar Kumar further said that the agreement would also encourage the organization of joint seminars, workshops, and conferences.

Prof. Jasim Mohammad, Chairman, Centre for Narendra Modi Studies, stated that the Centre is working with the vision of "Nation First." The NaMo Centre is committed to promoting academic research and policy-oriented thinking that support nation-building and the idea of a developed India. Prof. Jasim described the dialogue with CUH as meaningful and visionary, adding that this collaboration will create impactful academic opportunities. On the occasion Prof. Payal Kanwar Chandel, Dean of the School of Humanities and Social Sciences, and Prof. Suneel Kumar, Registrar were also present.

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 04-09-2025**

# हकेंवि व नमो केंद्र मिलकर करेंगे काम समझौता ज्ञापन पर किए गए हस्ताक्षर

## पूर्व राज्यपाल प्रो. जगदीश मुखी की उपस्थिति में हुआ समझौता

- यह एमओयू शिक्षण और विकास के नए आयामों को सामने लाने में सक्षम होगाः कुलपति



**महेंद्रगढ़,** सरोज यादव (पंजाब केसरी): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के मानविकी एवं समाज विज्ञान पीठ और नरेंद्र मोदी अध्ययन केंद्र (नमो) के बीच मंगलवार को दोनों संस्थाओं के प्रमुखों और अन्य गणमान्य अधिकारियों की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए। इस अवसर पर असम राज्य के पूर्व राज्यपाल प्रो. जगदीश मुखी की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रो. जगदीश मुखी ने समझौता ज्ञापन को अनुसंधान, नवाचार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान हेतु आवश्यक बताते हुए कहा कि दोनों संस्थाओं को साथ मिलकर युवाओं को प्रशिक्षित कर राष्ट्र निर्माण मंग अग्रसर होना चाहिए। यह ज्ञापन इस दिशा में बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगा।

इस समझौता ज्ञापन की विशिष्टताओं का उल्लेख करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि यह एमओयू शिक्षण और विकास के नए आयामों को सामने लाने में सक्षम होगा। इससे राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 की तारतम्यता में शोध व नवाचार को विकसित किया जाएगा। संयुक्त शोध परियोजनाओं, विद्यार्थी-शिक्षक विनिमय और संसाधनों की साझेदारी का संचाल किया जाएगा। कुलपति ने कहा कि इससे कौशल आधारित कार्यक्रम को बढ़ावा मिलेगा, जिससे रोजगार के नए अवसरों का सृजन होगा। प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि इस समझौता ज्ञापन से संयुक्त रूप से संगोष्ठियों, कार्यशालाओं और सम्मेलनों को बढ़ावा मिलेगा। नरेंद्र मोदी अध्ययन केंद्र के अध्यक्ष प्रो. जसीम मोहम्मद ने बताया कि नरेंद्र मोदी अध्ययन केंद्र राष्ट्र प्रथम के दृष्टिकोण के साथ कार्यरत है। नमो केंद्र राष्ट्र निर्माण और विकसित भारत का समर्थन करने वाले शैक्षणिक अनुसंधान एवं नीतिगत सोच को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रो. जसीम ने हकेंवि के साथ बातचीत को सार्थक एवं दूरदर्शी बताते हुए इस सहयोग को प्रभावशाली शैक्षणिक अवसर पैदा करने वाला बताया। समझौता ज्ञापन के अवसर पर मानविकी एवं समाज विज्ञान पीठ की अधिष्ठाता प्रो. पायल कंवर चंदेल, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार भी उपस्थित थे।

पंजाब केसरी
Thu, 04 September 2025
https://mpaper.punjabkesari.com/c/78088482